हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 8 सितंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

मृत्यु भय का नहीं, आनंद का विषय होना चाहिए: पं. मेहता
4



## खबर संक्षेप

### उल्लास साक्षरता रथ को कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के तहत जन जागरूकता फैलाने और समाज के सभी वर्गों में शिक्षा का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से राष्ट्रव्यापी उल्लास साक्षरता रथ को आज कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डीएफओ हिमांशु डोंगरे, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, श्रीमती विजया सिंह राठौर सहित संबंधित अधिकरी कर्मचारी उपस्थित थे। साक्षरता कार्यक्रम के माध्यम से बुनियादी साक्षरता, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल एवं सतत शिक्षा पर केंद्रित यह रथ जिले में विभिन्न स्थानों पर जाकर जन समुदाय को साक्षरता के लिए जागरूक करेगा। उल्लेखनीय है कि उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के तहत साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान शासकीय, निजी विद्यालयों में शिक्षा और साक्षरता पर केन्द्रित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में किरण ने लहराया परचम

**मुलमुला।** बलौदा बाजार में 2 से 6 सितंबर तक आयोजित हो रहे राज्य स्तरीय शालेय कुराश प्रतियोगिता 2025-26 में बिलासपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए पामगढ़ विकासखण्ड से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुटीघाट की छात्रा कुमारी किरण केंवट ने -36 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, 14 वर्ष में रुद्र कश्यप ने -50 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक, 17 वर्ष में आदित्य पटेल ने -55 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक, आयुष साहू ने -60 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक, 14 वर्ष में कुमारी अंकिता वर्मा ने -40 किलोग्राम कांस्य पदक, गणेश केवट ने -35 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक और 19 वर्ष बालक में श्याम निषाद ने - 66 में कांस्य पदक ने जीतकर विद्यालय, विकासखंड जिले और संभाग का नाम रोशन किया। इसमें से स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली छात्रा किरण केंवट अक्टूबर में सहारनपुर (उत्तरप्रदेश) में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय शालेय कुराश प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### पंडित सुंदरलाल शर्मा विवि में 15 अक्टूबर तक ले सकेंगे प्रवेश

**बलौदा।** पंडित सुंदर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर में प्रवेश सत्र जून जुलाई 2025-26 में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा छात्र हित में 15 अक्टूबर तक कर दिया गया है। अध्ययन केंद्र शासकीय महाविद्यालय बलौदा के सहायक पंकज गौरहा ने बताया कि विश्वविद्यालय में बीए ,बीकॉम, बी बी ए, एमएससी गणित कंप्यूटर साइंस ,पी जी डी सी ए डी सी ए , एम ए संस्कृत ,अंग्रेजी हिंदी ,समाज ,राजनीति, छत्तीसगढ़ी एम ए शिक्षा एस व एमएसडब्ल्यू बीलिब, एम लीब,आदि पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ हो गया है।

### 24 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**मालखरौदा।** दो अलग अलग प्रकरणों में 24 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम कलमी व बड़े रबेली का है। 6 सितंबर को पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली की ग्राम कलमी भांठापारा में रवि कुमार सिदार के द्वारा 7 लीटर अवैध कच्ची मऊहा शराब को रख कर ग्राहक का इंतजार कर रहा है। दूसरे प्रकरण में राजकुमार महिलांगे के द्वारा 17 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब को घर आंगन में रख कर बिक्री हेतु ग्राहक का इंतजार कर रहा है। इस दौरान पुलिस ने रेड की कार्रवाई कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 24 लीटर शराब बरामद किया गया।

युवाओं को नहीं मिल पा रहा प्रशिक्षण का लाभ

# कौशल विकास का जिले में बुरा हाल अधिकांश वीटीपी सेंटर हो चुके बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अविभाजित जांजगीर-चाम्पा जिले में कौशल विकास योजना का बुरा हाल है। स्थिति यह है कि पूर्व मे संचालित अधिकांश वीटीपी सेंटर बंद हो चुके है, जिसके चलते युवाओ को प्रशिक्षण का लाभ नही मिल पा रहा है।

गौरतलब है कि बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से वर्ष 2014 में कौशल विकास योजना की शुरूवात केन्द्र सरकार के द्वारा की गई थी, ताकि ग्रामिण एवं शहरी क्षेत्रो में रहने वाले बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोडा जा सके। इधर देखा जाए तो जांजगीर-चाम्पा एवं सक्ती जिले में कौशल विकास योजना का बुरा हाल है। पूर्व में यहां 90 वीटीपी सेंटर का संचालन किया जा रहा था। इनमें अब महज 10 सेंटरो का ही संचालन हो पा रहा है। वहीं 80 से भी अधिक वीटीपी सेंटर अब बंद हो चुके है, जिसके चलते बेरोजगारों को प्रशिक्षण का लाभ नही मिल पा रहा है। कौशल विकास योजना के माध्यम से बेरोजगारो को प्रशिक्षण दिया जाना रहता है, जिसमें प्रमुख रूप से आटोमोबाइल, मोबाइल, ट्रैक्टर रिपेयरिंग, ब्युटीपार्लर, टेलरिंग, पत्तल निर्माण, मैनेजमेंट प्रबंधन, कृषि नवीन तकनीक, मोबाइल रिपेयरिंग सहित अन्य विभिन्न प्रकार के ट्रेनिंग देकर युवाओ को स्वरोजगार से जोडा जाना है। ताकि वे भी आत्मनिर्भर बन सके। वहीं दूसरी ओर विभागीय उदासीनता के चलते बेरोजगारो को प्रशिक्षण लेने का लाभ तक नही मिल पा रहा है, जिसके चलते बेरोजगारों को परेशानी हो रही है। अविभाजित जांजगीर-चाम्पा जिले में बेरोजगारा युवाओं की संख्या डेढ लाख को पार कर गई है, वहीं जो बेरोजगार प्रशिक्षण को लेकर आगे आ रहे है। उन्हें भी योजना का लाभ तक नही मिल पा रहा है, जिसके चलते जिले में कौशल विकास योजना धरातल पर नजर तक नहीं आ रही है। पूर्व में जिले के कई विकासखंडों में बड़े पैमाने पर वीटीपी सेंटरो का संचालन होता रहा है।



कौशल विकास केन्द्रों में पहले इस तरह होती थी प्रशिक्षण लेने वालों की भीड़।

### देते है प्रशिक्षण

कौशल विकास योजना के माध्यम से बेरोजगारों को प्रशिक्षण दिया जाता है। फंड समस्या के चलते कई वीटीपी सेंटर बंद हो चुके है, जो व्यवस्था बनी है उसी के आधार पर सेंटर का संचालन किया जा रहा है।

**-मयंक शुक्ला,** सहायक संचालक कौशल विकास जांजगीर-चांपा

### फंड की समस्या से प्रशिक्षण प्रभावित

कौशल विकास योजना के तहत बड़े पैमाने पर बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाना रहता है, लेकिन फंड की समस्या के चलते प्रशिक्षण कार्य नहीं चल पा रहा है। दो चार जगहों पर प्रशिक्षण देकर महज औपचारिकता निभा दी जा रही है, जिसके चलते प्रशिक्षण देने का काम अधिकांश जगहों पर अभी भी बंद पडा हुआ है।

### गिनती के ही युवाओं को मिली नौकरी

कौशल विकास योजना के माध्यम से 11 सालों के भीतर 10 हजार से अधिक बेरोजगार युवा स्वरोजगार से जुडे। इनमें से गिनती के ही बेरोजगार युवाओ को ट्रेनिंग लेने के बाद नौकरी मिल पाई, जबकि प्रशिक्षण से जुड़कर ज्यादातर बेरोजगार मोबाइल बनाना, सिलाई मशीन, ब्युटी पार्लर टैक्टर मैकैनिक, इलेक्ट्रीशियन, फिटर का ही ट्रेनिंग ले पाते है, जिसके चलते ज्यादातर युवाओं को नौकरी नही मिल पाती। वहीं विभाग के द्वारा प्रशिक्षण के नाम पर लाखों रुपए तक की राशि खर्च कर दी जाती है।

# पति ने चाकू से गला रेतकर की पत्नी की हत्या, खुद के कलाई की काटी नस

सिटी कोतवाली इलाके के इंदिरा नगर की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पति और पत्नी के बीच हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने पत्नी का गला रेतकर को मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद पति ने भी अपने कलाई की नस काट डाली। पति को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला जांजगीर के इंदिरा नगर का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार इंदिरा नगर जांजगीर में शारदा मंगलमय के पीछे जगदीश देवांगन अपने परिवार के साथ रहता है। जगदीश और उसकी पत्नी गायत्री मजदूरी कर अपना परिवार चलाते हैं। साथ में जगदीश के मां और जगदीश की 8 साल की बेटी भी रहती है। रविवार 7 सितंबर की दोपहर जगदीश और उसकी पत्नी गायत्री का आपस में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर जगदीश की मां अपनी पोती को लेकर घर से निकल गई। इसके बाद जगदीश और गायत्री के बीच विवाद बढ़ गया। विवाद बढ़ने पर जगदीश ने अपनी पत्नी पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। गायत्री का गला रेत दिया और सिर पर पर भी चाकू से वार किया। इसके बाद जगदीश ने खुद के कलाई की नस काट डाली। मोहल्लेवासियो की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस जब दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी तो कमरा खून से सराबोर था। पुलिस ने तत्काल जगदीश और गायत्री को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने के बाद गायत्री ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं जगदीश का उपचार जारी है। सिटी कोतवाली प्रभारी मणिकांत पाण्डेय ने बताया कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। ऐसे ही विवाद में यह घटना हुई है। जगदीश ने अपनी पत्नी के गले और सिर पर वार किया है। साथ ही खुद के कलाई की नस भी काटी है। पुलिस ने पड़ोसियों का बयान लिया है और सभी तथ्यों की जांच करते हुए विवेचना की जा रही है।



जिला अस्पताल में परिजनों से पूछताछ करती पुलिस।

### कट्टे की नोक पर व्यापारी से 8 लाख की लूट कर दो नकाबपोश फरार

**जांजगीर-चांपा।** व्यापारी से कट्टे की नोक पर 8 लाख रुपए लूटकर दो नकाबपोश फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नैला में अरुण अग्रवाल की कीटनाशक दवा की दुकान है। शनिवर की रात वह दुकान से दिनभर के खरीदी-बिक्री की रकम 8लाख रुपए लेकर स्कूटी से अपने घर आ रहा था। इसी दौरान दो नकाबपोश युवक बाइक में पहुंचे और कट्टा दिखाकर रुपए से भरा थैला लेकर भाग निकले। सूचना पर कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# गोधना में धर्मांतरण को लेकर माहौल गर्माया, ग्रामीणों ने किया थाने का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवागढ़ थाना क्षेत्र के गांव गोधना में धर्मांतरण को लेकर रविवार को माहौल गर्मा गया। पहले हिन्दू संगठन के सदस्यों ने गांव पहुंच कर एक घर में चल रहे प्रार्थना सभा में का विरोध किया। धर्मांतरण कराने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर माहौल शांत कराया और 2 लोगों को पकड़ कर थाना लाया। इससे नाराज ग्रामीणों ने नवागढ़ पुलिस थाने का घेराव कर दिया। ग्रामीणों द्वारा धर्मांतरण के आरोप को बेबुनियाद बताते हुए पकड़े गए दोनों ग्रामीण को छोड़ने की मांग की जा रही है।

नवागढ़ थाना क्षेत्र के गोधना गाँव में रविवार की दोपहर एक घर में प्रार्थना सभा और धर्मांतरण की सूचना पर हिन्दू संगठन के लोग पहुंच गए। मौके पर हिन्दू संगठन के सदस्यों ने धर्म परिवर्तन की गुप्त गतिविधियों का संचालन करने का आरोप लगाते हुए विरोध किया। इस दौरान दोनों पक्ष के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। मौके पर हंगामा होने लगा। सूचना नवागढ़ पुलिस तक पहुंची। कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह माहौल शांत कराया। धर्म परिवर्तन की गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाए जाने पर पुलिस दो लोगों को पकड़ कर थाने ले आई। इधर ग्रामीण इससे नाराज हो गए। शाम को बड़ी संख्या में गोधना के ग्रामीण नवागढ़ थाना पहुंचे और थाने का घेराव कर दिया। ग्रामीणों द्वारा धर्मान्तरण के आरोप को बेबुनियाद बताते हुए प्रदर्शन किया जाने लगा। प्रार्थना सभा से पकड़ कर लाए 2 लोगों को छोड़ने की मांग ग्रामीणों द्वारा की जा रही है। मौके पर डी एस पी विजय पैकरा पहुंच कर ग्रामीणों को समझाइश दे रहे हैं। वहीं गांव में पुलिस बल तैनात कर दी गई है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक तनाव का माहौल बना रहा।

### खास बात

- हिन्दू संगठन ने लगाया धर्मांतरण का आरोप, ग्रामीणों ने आरोप को बताया बेबुनियाद



थाने के सामने बैठकर प्रदर्शन करती महिलाएं।

# बिर्रा से घिवरा, मल्दा होते हुए चंद्रपुर को जोड़ने वाली सड़क जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

बिर्रा से घिवरा, मल्दा होते हुए डभरा चंद्रपुर राज्य मार्ग पोखर में तब्दील हो गया है। राज्य मार्ग में बिर्रा, घिवरा और मल्दा गांव में अनेकों जगहों पर बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढा बन गए हैं। जिसके कारण आने जाने वाले दो पहिया और चार पहिया वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

- सड़क में जगह-जगह बने गड्ढे से आवागमन में हो रही परेशानी

गौरतलब है कि नवीन जिला सक्ती के जैजैपुर विधानसभा के अंतर्गत ग्राम बिर्रा, घिवरा और मल्दा में डभरा चंद्रपुर राज्य मार्ग पर जगह-जगह बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढा बन गया है। इस मार्ग में बड़े-बड़े भारी वाहन कैप्सूल, हाईवा, ट्रक, बस आदि रोजाना हजारों की तादाद में चलते हैं। इस राज्य मार्ग में बने जानलेवा गड्ढे को बचाने के चक्कर में बाइक सवार गिरकर घायल भी हो जाते हैं, जिन्हें स्थानीय ग्रामीणों की मदद से अस्पताल तक पहुंचाया जाता है। इधर मरम्मत को लेकर लोक निर्माण विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। यह मुख्य मार्ग लोक निर्माण विभाग उप संभाग चांपा, संभाग बिलासपुर के अंतर्गत आता है। इसी राज्य मार्ग पर हमेशा तहसीलदार, अनुविभागीय अधिकारी और थानेदार, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के अलावा कभी कभार दोनों जिला के कलेक्टर का भी आना जाना लगा रहता है। उसके बावजूद भी बिर्रा से घिवरा, मल्दा होते हुए डभरा चंद्रपुर राज्य मार्ग की हालत बहुत ज्यादा खराब हो गई है। बिर्रा में पेट्रोल टंकी के पहले , घिवरा में बस्ती के आगे और मल्दा में लखन लाल कश्यप घर के आसपास और इसके अतिरिक्त डभरा, चंद्रपुर मुख्य मार्ग की तरफ पूरा बिर्रा से चंद्रपुर तक मुख्य मार्ग बद् से बद्तर हो गया है। इस राज्य मार्ग में बड़े-बड़े तालाब नुमा गड्ढा हो गया है मानो ऐसा लग रहा है कि सड़क के बीच में तालाब है या तालाब के बीच में सड़क है। राहगीरों और वाहन चालकों को इसके चलते परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बहरहाल कारण चाहे जो भी हो क्षेत्र के ग्रामीणों ने और आने जाने वाले राहगीरों के साथ वाहन चालकों ने जर्जर सड़क शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है।



सड़क में जगह-जगह पर बने गड्ढे।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**चांपा।** शादी का झांसा देकर नाबालिक बालिका के साथ अनाचार करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला स्थानीय थाना का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 22 अगस्त को एक नाबालिग घर से बिना बताएं कहीं चली गई थी, जिस पर थाना में अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अपहरण करने की रिपोर्ट पर थाना चापा में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान गुम बालिका को राजवीर यादव उर्फ बिट्टू के कब्जे से बरामद किया गया। वहीं घटना के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी ने नाबालिक बालिका को शादी करने का झांसा देकर अनाचार करना जुर्म स्वीकार किए जाने से आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्यवाही में चांपा थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता, उप निरीक्षक बेलसज्जर लकड़ा, सहायक उप निरीक्षक लंबोदर सिंह,आरक्षक वीरेश सिंह, खेमचरण राठौर का विशेष योगदान रहा

विभिन्न स्थान में सीसी टीवी कैमरा लगाने में सहयोग करने वालों एवं राहवीरों का एडिशनल एसपी ने किया सम्मान

# शहर के संवेदनशील स्थानों पर तीसरी आंख से होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा पुलिस थाना परिसर में एएसपी उमेश कुमार कश्यप, एसडीओपी प्रदीप सोरी एवं थाना प्रभारी भास्कर शर्मा की उपस्थिति में मिशन सिक्योर सिटी के अंतर्गत नगर के विभिन्न स्थानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने में सहयोग करने वाले नगरवासियो एवं सड़क सुरक्षा के अंतर्गत रोड एक्सीडेंट में घायल लोगों को अस्पताल पहुंचा कर उनकी मदद करने वाले राहवीरों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी उमेश कश्यप ने कहा कि सीसीटीवी कैमरा शहर के प्रमुख चौराहों, बाजारों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और संवेदनशील स्थानों पर लगवाई जाएगी। इस व्यवस्था से ना केवल अपराध की घटनाओं पर नजर रखी जा सकेगी, बल्कि भविष्य में अपराध की संभावनाओं को भी रोका जा सकेगा। यह कदम जनता और पुलिस के बीच विश्वास को भी और मजबूत करेगा। जिला पुलिस जांजगीर द्वारा हर दृष्टि से सुरक्षित करने की सोच के साथ पुलिस काम कर रही है। अपराध नियंत्रण के पहलू को हमने गंभीरता से लिया है। अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि समाज के अलग- अलग क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले चिंतनशील वर्ग ने इस काम में पुलिस का सहयोग करने के साथ एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। अकलतरा शहर में सुरक्षा की दृष्टिगत प्रवेश और निकासी वाले बिंदु के अलावा अन्य महत्वपूर्ण केंटो को हाई फ्रीक्वेंसी क्षमता वाले सीसीटीवी कैमरा से लैस किया जा रहा है। इनके माध्यम से आसपास की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। अप्रत्याशित घटना की स्थिति में यह संसाधन पुलिस की जांच और पीड़ित पक्ष को रहा देने के लिए अपनी उपयोगी भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के दौरान सीसी कैमरा लगाने में सहयोग करने वाले जेएसडब्ल्यू केएसके एमपीसीएल के एचआर अधिकारी अभिषेक शर्मा, नगर के व्यवसायी, लखन गुप्ता, विनोद चंदवानी, दिनेश चंदवानी, अकलतरा चैंबर्स के अध्यक्ष विजय केडिया क्रेशर संघ अध्यक्ष अकलतरा अविनाश मोदी, राइस मिल व्यवसाय गोपेश तुलस्यान एवं सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को स्वयं के वाहन से अस्पताल पहुंचने वाले सड़क सुरक्षा मितान संतोष सिंह बैंस बबलू अकलतरा,कमलेश सोनी तरौद, रामविलास कश्यप तरौद एवं सनत साहू तरौद को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान 3 सितंबर को ग्राम फरहद के किसान ढोलनारायण पटेल की मोटरसाइकिल से 98 हजार रुपए की उठाई गिरी मामले में सीसीटीवी कैमरा से चोरों का स्पष्ट फुटेज प्रदान करने वाले विद्यार्थी जनरल स्टोर के संचालक अमित सब्बरवाल का पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया। अकलतरा चैंबर्स के अध्यक्ष विजय केडिया ने पुलिस प्रशासन के द्वारा किए जा रहे पहल में हर संभव सहयोग प्रदान करने की बात कही। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह राणा, पार्षद देवनारायण बरेठ, चंद्रशेखर मिर्चन्य, दिनेश कुमार दास, राजकुमार सिंह, डोल नारायण पटेल , संजू शर्मा एवं नगर वासी उपस्थित थे।





प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते एडिशनल एसपी उमेश कश्यप।

# चोरभट्ठी में चलाया गया नशा मुक्ति अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम पंचायत चोर भट्टी में नारी शक्ति महिला कमांडो के तत्वाधान में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक विजय पांडे एवं मूलमुला थाना प्रभारी पारस पटेल के उपस्थिति में किया गया।

पुलिस अधीक्षक विजय पांडे ने अपने उद्बोधन में महिला कमाण्डो एवं कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को अश्वासन दिया कि यदि किसी प्रकार से कोई गांव क्षेत्र में अवैध शराब, गांजा बिक्री की जाती है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे एवं पुलिस के आते तक अवैध शराब बेचने वालो को पकड़कर रखें ताकि अवैध शराब बिक्री करने वालों को विरुद्ध उचित कार्यवाही की जा सके।मुलमुला थाना प्रभारी मान पारस पटेल ने कहा कि महिलाएं इसी तरह सभी जुट होकर काम करे।आप लोग के सहयोग से अवैध नशा शराब गाजा कारोबार करने वाले तक हम पहुंच सकते हैं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विजय पांडे के द्वारा मौके पर महिला कमाण्डो को आई कार्ड, टोपी ,सीटी वितरण किया गया। कार्यक्रम में महिला समूह अध्यक्ष जयंती कश्यप,उपाध्यक्ष नर्मदा बाई भेड़पाल, सचिव राजकुमारी कश्यप, कोषाध्यक्ष राधा बाई कश्यप, मंदाकिनी पटेल, जसली, लक्ष्मी बाई विमला बाई कश्यप, महिला कमांडो एवं तीजराम कश्यप, रामावतार कश्यप, धनीराम कश्यप, सनत पटेल, नेतराम कश्यप सरपंच, प्रमोद चौहान उपसरपंच, जानकी प्रसाद कश्यप, सीताराम कश्यप, पुनीराम सारथी, पतिराम सूर्यवंशी, नर्मदा प्रसाद कश्यप, मुलमुला पुलिस एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# 'अवतारः द वे ऑफ..' सिनेमाघरों में दोबारा हो रही रिलीज...

**मुंबई।** जेम्स कैमरून के निर्देशन में बनी फिल्म 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' 16 दिसंबर, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। सैम वर्थिंगटन, जो सलदाना और सिगोरनी वीवर की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म को काफी पसंद किया गया था और बॉक्स ऑफिस पर भी इसने कई कीर्तिमान हासिल किए। अब करीब 3 साल बाद फिल्म 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' को 2 अक्टूबर, को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। बता दें कि दुनियाभर में लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी 'अवतार' की तीसरी किस्त का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म होने वाला है।

लाइफ Style

# शनाया

## 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3' में करेंगी डबल धमाका

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शनाया के साथ 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3' में अलाया एफ भी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। मुख्य अभिनेता के लिए कास्टिंग फिलहाल चल रही है। रीमा माया ने इस सीरीज के निर्देशन की कमान संभाली है।

संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर ने फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया। हालांकि, उनकी पहली फिल्म बॉक्स ऑफिस पर मुंह के बल गिरी। आने वाले समय में शनाया एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगी। अब संजय की बेटी ओटीटी की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार हैं। शनाया जल्द ही करण जौहर की वेब सीरीज 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3' में नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, शनाया सीरीज 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3' में डबल रोल से डबल धमाका करने वाली हैं। सीरीज पर काम काफी समय से चल रहा है। करण ने 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से वरुण धवन, आलिया भट्ट और सिद्धार्थ मल्होत्रा को बॉलीवुड में लॉन्च किया था। शनाया के साथ 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3' में अलाया एफ भी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। मुख्य अभिनेता के लिए कास्टिंग फिलहाल चल रही है। रीमा माया ने इस सीरीज के निर्देशन की कमान संभाली है। यह जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी। हालांकि, अभी इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। बता दें कि शनाया जल्द ही 'वृषभ' में नजर आएंगी, जिसके हीरो सुपरस्टार मोहनलाल हैं।



हॉलीवुड मसाला




# विद्युत का हॉलीवुड में डेब्यू

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल इन दिनों अपनी अपकमिंग हॉलीवुड फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और आधिकारिक तौर से विद्युत जामवाल इस फिल्म से जुड़ चुके हैं। मशहूर वीडियो गेम फ्रैंचाइजी पर आधारित इस फिल्म में कई मशहूर हॉलीवुड सितारों सहित एक बड़ी टीम शामिल है। पैरामाउंट पिक्चर्स के प्रोडक्शन हाउस ने पोस्ट में लिखा 'अखाड़े में राज बहुत देर तक राज नहीं रहते।




# पॉपुलर म्यूजिक कंपोजर रिकी केज ने भारत का बढ़ाया मान

**लॉस एंजिल्स।** पॉपुलर म्यूजिक कंपोजर रिकी केज ने भारत का नाम तो रोशन किया ही है साथ ही उन्होंने अब पापुआ न्यू गिनी देश का नाम भी रोशन कर दिया है, उनकी वजह से इस देश को पहली बार ऑस्कर्स में एंट्री मिली है। पापा बूका के बैकग्राउंड स्कोर के लिए ऑस्कर्स नॉमिनेशन पाने के बाद रिकी ने रिएक्ट भी किया है। 3 बार जीतने वाले भारतीय मूल के म्यूजिक कंपोजर ने अब इस देश का बढ़ाया मान। फेमस म्यूजिशियन रिकी केज की दुनिया दीवानी है। अपने संगीत से उन्होंने ना सिर्फ सीमाएं तोड़ी हैं बल्कि उन्होंने संगीत के जरिए ही पूरी दुनिया को जोड़ने की कोशिश की है। रिकी भारतीय मूल के हैं और वे अमेरिका में रहते हैं। इसके अलावा अब उन्होंने कुछ ऐसा किया है जिससे पापुआ न्यू गिनी नाम के देश का मान बढ़ गया है।



# सनी विक्रमादित्य के साथ मिलाया हाथ

**मुंबई।** पिछली बार अनन्या पांडे के साथ फिल्म 'सीटीआरएल' लेकर आए निर्देशक विक्रमादित्य मोटवानी अब एक नई वेब सीरज लेकर आ रहे हैं। खास बात ये है कि उन्होंने अपने नए प्रोजेक्ट के लिए अभिनेत्री सनी लियोनी से हाथ मिलाया है। दोनों मिलकर एक वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं, जो एक सच्ची कहानी पर आधारित होगी। सनी न सिर्फ इस सीरीज को विक्रमादित्य के साथ मिलकर बना रही हैं, बल्कि इसमें मुख्य भूमिका भी खुद ही निभाएंगी। सनी ने इस पर कहा, मैं इस सहयोग को लेकर बेहद उत्साहित हूं। यह बायोपिक एक ऐसी कहानी पर आधारित है जिसने मुझे वास्तव में बहुत प्रेरित किया है और मैं इसे लेकर दर्शकों की प्रतिक्रिया का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। वेब सीरीज की कहानी से जुड़ी कोई जानकारी सामने नहीं आई है।



# 'डॉन-3' की तैयारी, अब अमिताभ की बारी

**मुंबई।** रणवीर सिंह एक ओर जहां आदित्य धर के निर्देशन में बन रही फिल्म 'धुरंधर' को लेकर चर्चा में हैं, वहीं उनकी फिल्म 'डॉन 3' भी आने वाली है। इस फिल्म से जुड़े आए दिन नए-नए अपडेट सामने आ रहे हैं। अब इससे जुड़ी ऐसी रोचक जानकारी सामने आई है, जिसके बाद इसे लेकर दर्शकों का उत्साह दोगुना हो जाएगा। दरअसल, खबर है कि फिल्म में शाहरुख खान के बाद अब अमिताभ बच्चन की एंट्री भी हो गई है। फिल्म में शाहरुख के कैमियो पर तो चर्चा पहले ही हो रही थी और अब ताजा अपडेट ये है कि बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन भी इससे जुड़ गए हैं। बता दें कि पर्दे पर पहली बार डॉन अमिताभ ही बने थे। फिर फरहान अख्तर उनकी कालजयी फिल्म 'डॉन' का रीमेक लेकर आए और शाहरुख को नया डॉन बनाया।

टीवी मसाला



# 12वें सवाल का पूजा के कड़क जवाब से बिग बी भी हुए इंप्रेस

**मुंबई।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के 5 सितंबर के एपिसोड की शुरुआत रोलओवर कंटेस्टेंट कुमारी पूजा के साथ हुई, जिन्हें पढ़ने-लिखने का बहुत शौक है। वे पैसों की तंगी की वजह से पीएचडी नहीं कर पाईं, जिसे जानने के बाद अमिताभ बच्चन भी दुखी हुए। वे 2 लाख रुपये जीत चुकी थीं। उनके पास एक लाइफ लाइन बची थी। खेल की शुरुआत 9वें सवाल के साथ होती है। 3 लाख रुपये का 9वां सवाल रहा इनमें से कौन सा शब्द ग्रेट हिमालय के लिए प्रयोग किया जाता है, जो हिमालय बनाने वाली पर्वतमालाओं में सबसे ऊंची और सबसे उत्तरी पर्वतमाला है? विकल्प हैं- हिमाचल, शिवालिक, कुनलुन, हिमाद्रि।

कंटेस्टेंट पूजा ने जवाब के तौर पर विकल्प डी. हिमाद्रि को चुना, जो सही साबित हुआ। उन्होंने 5 लाख रुपये के 10वें सवाल का सही जवाब दिया। सुपर संदूक राउंड में कुमारी पूजा ने 8 सवालों के सही जवाब दिए, जिससे उन्होंने ऑडियंस पोल को जिंदा कर लिया। उन्होंने 11वें सवाल पर ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया।

सवाल है- भारत के प्रथम नारीवादी ग्रंथों में से एक मानी जाने वाली 1882 की 'स्त्री पुरुष तुलना' किसने लिखी थी? विकल्प हैं- ए. ताराबाई शिंदे, बी. रमाबाई रानाडे, सी. पंडिता रमाबाई, डी. सावित्रीबाई फुले।

कंटेस्टेंट पूजा ने ऑडियंस के साथ जाते हुए विकल्प बी. ताराबाई शिंदे को चुना, जो सही साबित हुआ। 12.50 लाख रुपये के 12वें सवाल पर पूजा दुविधा में थीं, लेकिन रिस्क उठाकर गेम खेला। सवाल था- 'इनमें से किस जीव को 2025 में विलुप्ति से वापस लाए जाने का दावा किया गया था?' विकल्प हैं- ए. टाई रैनोसॉरस रेक्स, बी. तस्मानियाई बाघ, सी. डोडो, डी. डायर-वुल्फ।

पूजा ने विकल्प डी. डायर-वुल्फ को चुना और 12.50 लाख जीतने में सफल रहीं। उन्होंने 25 लाख के सवाल पर गेम क्विट कर दिया।

कंटेस्टेंट से सवाल-जवाब के अलावा अमिताभ बच्चन क्विज शो में अपनी जिंदगी से जुड़े किस्से भी दर्शकों को सुनाते रहे हैं। उन्होंने पिछले एपिसोड में एक कंटेस्टेंट के सवाल पर अपने घर के माहौल के बारे में बताया। वे बोले, 'हमारे घर का माहौल सामान्य था। बच्चों की देख-रेख जया करेंगी और हम जाएंगे काम पर। उन्होंने सब कुछ देखा है। हमारे मन में एक क्लेश रहा है कि हम बच्चों के साथ ज्यादा वक्त नहीं बिता पाए। जब हम सुबह निकल रहे होते, तो वह सो रहे होते। घर आता, तो वह सोते हुए मिलते। हमें लगता कि काश हम भी अभिषेक-श्वेता के साथ वक्त बिता सकते। फिर यह तय हुआ कि आप इतवार को काम नहीं करेंगे।

# कार्तिक-अनन्या ने 'जुम्मा चुम्मा दे दे' पर किया डांस



**मुंबई।** अभिनेता कार्तिक आर्यन जल्द ही फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' में नजर आएंगे। इसमें उनकी जोड़ी अनन्या पांडे के साथ बनी है। समीर विद्वांस के निर्देशन में बन रही इस रोमांटिक फिल्म की शूटिंग खत्म हो गई है। करण जौहर इस फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। अब इस बीच अनन्या और कार्तिक का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों को 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गाने पर थिरकते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में अनन्या और कार्तिक को साथ में साल 1991 में आई फिल्म 'हम' के सुपरहिट गाने 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गाने में नाचते हुए देखा जा सकता है। इस गाने को असल में अमिताभ बच्चन और किमी काटकर पर फिल्माया गया था। 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' की बात करें तो इस फिल्म को अगले साल वैलेंटाइन डे के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिल्म 13 फरवरी, 2026 को दर्शकों के बीच आएगी।

# टाइगर श्रॉफ से लेकर संजय दत्त तक 'बागी 4' के लिए किसने ली कितनी फीस?

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बागी 4' आखिरकार सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म में संजय दत्त, हरनाज संधू और सोनम बाजवा भी अपनी अदाकारी का तड़का लगा रहे है। फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों से बढ़िया प्रतिक्रिया मिली है और देखना होगा कि यह पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन करती है। आइए जानते हैं 'बागी 4' के लिए किस कलाकार ने कितनी फीस ली है।

***टाइगर को मिले 20 करोड़ रुपए :*** 'बागी 4' का बजट 70 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इस फिल्म के लिए निर्माताओं से टाइगर 20 करोड़ रुपये चार्ज कर रहे हैं। वह एक बार फिर रॉनी के किरदार में दिख रहे हैं। फिल्म में उनका धाकड़ अवतार देखने को मिल रहा है। कहा जा रहा है कि संजय को इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में अभिनय करने के लिए 5.5 करोड़ रुपये मिल रहे हैं। संजय फिल्म में खूंखार खलनायक की भूमिका में दिख रहे हैं।



### *अन्य कलाकारों की फीस*

*'बागी 4' में टाइगर की जोड़ी हरनाज के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई दे रहे हैं। इस फिल्म के लिए हरनाज को 1 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। सोनम ने भी फिल्म के लिए 1 करोड़ रुपये की फीस ली है। श्रेयस तलपड़े को इस फिल्म के लिए 1 करोड़ रुपये और सौरभ सचदेवा को 50 लाख रुपये दिए गए हैं।*

## 'ऑफिसर ऑन ड्यूटी' सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म का खिताब हासिल किया था

# 'लोकाह' से पहले इन मलयालम फिल्मों ने की ताबड़तोड़ कमाई

***मुंबई।** इन दिनों सिनेमाघरों में इस समय 'कुली', 'हृदयपूर्वम' और 'लोका चैप्टर 1', 3 चर्चित फिल्में मौजूद हैं। हालांकि, मोहनलाल और रजनीकांत जैसे सितारों के बीच प्रियदर्शन की बेटी कल्याणी प्रियदर्शन की कम बजट में बनी फिल्म 'लोकाह चैप्टर 1' बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाल कर रही है। इस सुपरहीरो मलयालम फिल्म के धमाकेदार प्रदर्शन के बीच आइए जानें मलयालम सिनेमा की कुछ ऐसी फिल्मों के बारे में, जिन्होंने कम बजट में बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई की।*

### 'मंजुम्मेल बॉयज'

सच्ची घटना पर आधारित मलयालम फिल्म 'मंजुम्मेल बॉयज' का भी बॉक्स ऑफिस पर खूब बोलबाला रहा। फरवरी 2024 यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जिसने रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर हंगामा मचाना शुरू कर दिया था। फिल्म में सौबिन शाहिर और श्रीनाथ भासी जैसे कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई। 20 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने भारत में 141 करोड़ रुपये कमाए थे। यह फिल्म जियो हॉटस्टार पर देखी जा सकती है।

### 'दृश्यम'

साल 2013 में आई मलयालम फिल्म 'दृश्यम' ने न केवल मलयालम सिनेमा बल्कि पूरे भारतीय बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी थी। फिल्म में मोहनलाल लीड रोल में नजर आए थे।

जियो हॉटस्टार और यूट्यूब पर मौजूद इस फिल्म ने कई बड़े रिकॉर्ड बनाए। 5 करोड़ रुपये की लागत वाली इस फिल्म की कमाई 75 करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस जबरदस्त सफलता के बाद इसी नाम से बॉलीवुड में इसका रीमेक बना, जिसके हीरो अजय देवगन थे।



### 'आवेशम' और 'प्रेमलु'

मलयालम एक्शन कॉमेडी फिल्म 'आवेशम' का निर्माण फहाद फासिल ने किया था और इसके हीरो भी वो खुद ही थे। 'आवेशम' का बजट लगभग 30 करोड़ रुपये था और इसने बॉक्स ऑफिस पर 156 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। अमेजन प्राइम वीडियो और जियो हॉटस्टार पर यह फिल्म मौजूद है। दूसरी ओर 3 करोड़ रुपये के बजट में बनी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'प्रेमलु' ने 136 करोड़ रुपये कमाए थे। ये फिल्म जियो हॉटस्टार पर है।

### 'ऑफिसर ऑन ड्यूटी'

मलायलम थ्रिलर फिल्म 'ऑफिसर ऑन ड्यूटी' ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की थी। फिल्म के हर मोड़ पर खतरनाक ट्विस्ट देखकर दर्शकों की आंखें खुली रह गई थीं। कुंचाको बोबन, प्रियामणि और ऐश्वर्या राज ने इसमें अहम भूमिका निभाई है। मात्र 10 से 12 करोड़ रुपये के बजट में बनने वाली इस फिल्म ने 55 करोड़ रुपये की कमाई कर केरल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म का खिताब हासिल किया था। नेटफ्लिक्स पर ये फिल्म मौजूद है।

## खबर संक्षेप

### छतदार चबूतरा और सांस्कृतिक मंच निर्माण का भूमि पूजन



**हसौद**। ग्राम पंचायत हसौद में शुक्रवार को छतदार चबूतरा और सांस्कृतिक कार्यक्रम मंच निर्माण कार्य का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया। लगभग 30 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस निर्माण कार्य की सौगात पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा ने हसौद पंचायत को दी है। तहसील कार्यालय के पीछे बनने वाले इस छतदार चबूतरे और मंच की मांग हसौदवासियों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक व सार्वजनिक आयोजनों के लिए स्थायी मंच की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लेते हुए पूर्व विधायक सिन्हा ने डीएमएफ मद से इस कार्य की स्वीकृति दिलाई। भूमि पूजन कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हसौद क्षेत्र के विकास कार्यों में उनकी सदैव प्राथमिकता रही है और भविष्य में भी जनसुविधा से जुड़े कार्यों को गति प्रदान की जाएगी। भूमि पूजन अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि कैलाश बंजारे, सचिव कृष्णा मनहर, कांग्रेस प्रदेश सचिव सुरेंद्र भार्गव, डॉक्टर कैलाश साहू, गिरधर साहू, जितेंद्र साहू, गणेशाराम जयसवाल, कृष्ण कुमार जायसवाल, मनहरण साहू, जनपद सदस्य सुनील नारंग, शिवम जायसवाल, लखन चंद्रा, बालक राम साहू, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि चबूतरा और सांस्कृतिक मंच का निर्माण होने से गांव में सामूहिक आयोजन, धार्मिक कार्यक्रम और सांस्कृतिक गतिविधियां बेहतर ढंग से संपन्न होंगी।

### सात दिवसीय श्रीमद भागवत गीता ज्ञान का आयोजन 10 से

**खरौद**। श्रीमद भगवत गीता ज्ञान के आध्यत्मिक रहस्यों द्वारा खुशहाल जीवन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय खरौद जरहा पारा द्वारा लक्ष्मणेश्वर मंदिर के सामने 7 दिवसीय श्रीमद भागवत गीता ज्ञान का आयोजन 10 सितंबर से 16 सितंबर तक दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक प्रतिदिन किया जा रहा हैं। प्रवक्ता राजयोगिनी तपस्विनी ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा दीदी बिलासपुर द्वारा अपनी सुमधुर आवाज में विशेष पित्रपक्ष में मोक्ष प्राप्ति के उपाय, महात्म गीता सार, कर्म, अकर्म, विकर्म का बोध, परमसत्य का बोध, दिव्य अवतरण विभूति योग आदि विषयों पर स्पष्टीकरण करेंगी। सभी श्रद्धालुगओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने अपील की गई है।

### अग्रसेन जयंती समारोह के मुख्य अतिथि होंगे समाजसेवी बसंत

**चांपा**। स्थानीय अग्रवाल सेवा संघ द्वारा आगामी 22 सितंबर को मनाये जाने वाले अग्रसेन जयंती



समारोह 2025 के मुख्य अतिथि रायपुर निवासी सुप्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी बसंत अग्रवाल होंगे। यह जानकारी देते हुए संघ के सचिव अखिलेश मोदी ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए उन्हें निमंत्रित किये जाने पर उन्होंने सहमति प्रदान कर दी है।

### संकुल केंद्र मेहंदी में शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित



**राहौद**। संकुल केंद्र मेहंदी के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला इंदिरा आवास बारगां, गुडीपारा मेहंदी हरदीपारा मेहंदी,सड़क पारा मेंहदी क्रमांक एक क्रमांक 2 मेहंदी एवं शासकीय हाई स्कूल मेंहदी मैं शिक्षक सम्मान कार्यक्रम रथराम जांगड़े अध्यक्ष शाला विकास प्रबंधन समिति के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के तैल चित्र में धूप दीप प्रज्वलित कर किया गया, तत्पश्चात केक काटकर खुशियां मनाई गई। स्कूली बच्चों ने गुरु महिमा का बखान कर अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान की भावना को व्यक्त किया, सभी गुरुओं ने अपने प्यारे विद्यार्थियों के लिए आशीर्वचन के दो शब्द कहे और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अंत में संस्था प्रमुखों संतोष अनंत एवं घनश्याम देवांगन ने आए हुए अतिथियों और गुरु परंपरा को कायम रखने के सफल आयोजन के लिए सभी विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित किया और कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा की। इस अवसर पर विद्यालय के सभी सम्मानित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं इंदिरा गांधी कला विज्ञान शिक्षा महाविद्यालय के फाइनल ईयर के छात्र अध्यापकगण भी उपस्थित थे ।

## निधन

### व्ही.पी. तंबोली

**जांजगीर-चांपा**। ग्राम खोखरा के प्रतिष्ठित नागरिक एवं सेवानिवृत्त ए.डी.आई.एस. व्ही.पी. तंबोली का



95 वर्ष की आयु में 30 अगस्त को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। स्व. श्री तंबोली दिनेश कुमार, जगदीश, आर.एन. तंबोली, संजय तंबोली, राजेश तंबोली व शशि तंबोली के पिता थे।

श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिवस व्यास आचार्य ने सुनाई श्रीकृष्ण का स्वधाम गमन तथा परीक्षित मोक्ष की कथा

# मृत्यु भय का नहीं, आनंद का विषय होना चाहिए: पं. मेहता

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय कोरबा रोड स्थित अग्रवाल निवास में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के सातवें दिवस समर्पण सूत्र के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भागवत कथा वाचक व जीवन प्रबंधन गुरू पं. विजय शंकर मेहता ने भगवान श्रीकृष्ण का स्वधाम गमन तथा परीक्षित मोक्ष की कथा कहते हुए सात दिवसीय भागवत कथा का समापन किया।

व्यास पीठ से कथा श्रवण कराते हुए पं. विजय शंकर मेहता ने कहा कि जिस पर हमारा वश नहीं चलता, उससे डरने की भी जरूरत नहीं है विधि का विधान है जो होना है वह तो होगा ही। इसलिए जीवन में कोई भी समस्या आये, सहज होकर सामना कीजिए, तो उसका समाधान भी जल्दी ही मिल जायेगा। मौत एक दिन सभी को आनी है। जिस दिन जीव पहली सांस लेता है, उसी दिन उसकी अंतिम सांस भी तय हो जाती है। मृत्यु का आगमन भय का नहीं वरन आनंद का विषय होना चाहिए। मौत आ जाये और जीवन में अमृत न घटे तो समझ लीजिए कि सब बेकार है। जो मृत्यु से भयभीत नहीं हुआ और जिसने मृत्यु से साक्षात्कार कर लिया, उसका जीवन सफल हो जाता है। राजा परीक्षित ने भी महाराज शुकदेव को कथा सुनाकर उनका मृत्यु से साक्षात्कार करा दिया। सात दिन की कथा सुनकर राजा परीक्षित को बोध हो गया कि जब तक्षक नाग ने उन्हें डसा तो वे आनंदपूर्वक अपना शरीर छोड़कर गये। उन्होंने अपना शरीर ऐसे त्यागा कि इसे देखकर मृत्यु भी शरमा गई। पं. मेहता ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने उद्धव संवाद के दौरान कहा कि मुझे सर्वाधिक प्रिय भक्त और भक्ति है। वे व्यक्ति की पद या प्रतिष्ठा नहीं केवल उसकी भक्ति को देखते हैं। इसलिए भगवान की प्राप्ति के लिए अपने अंदर की भक्ति को बचाये रखना होगा। भगवान श्री कृष्ण ने उद्धव जी के द्वारा पूछे गये सभी प्रश्नों का उत्तर दिया और बताया कि सतोगुण में वृद्धि ही स्वर्ग है। व्यक्ति को हर परिस्थितियों में भगवान पर भरोसा बनाये रखना चाहिए। शांत रहने को ही सबसे अच्छा गुण बताते हुए भगवान ने कहा कि लोगों को शांत रहने का तरीका स्वयं ढूंढ़ना होगा। मंत्र के साथ प्राणायाम करने से व्यक्ति को सुख की प्राप्ति होती है।

मन को नियंत्रित करने के लिए प्राणायाम जरूरी है। भगवान ने उन तक आने का एकमात्र रास्ता योग को बताते हुए कहा कि कैसी भी परिस्थिति हो लेकिन जीवन में मुस्कुराना मत छोड़िये । स्वयं भगवान ने महाभारत युद्ध के दौरान शस्त्र उठाकर भी मुस्कुराना नहीं छोड़ा। कथा के समापन के पश्चात नारायण सेवा संस्थान उदयपुर से आये ऐश्वर्य त्रिवेदी ने कथा के संस्कार चैनल पर 152 देशों में प्रसारण के चलते स्थानीय व राष्ट्रीय स्तर पर लोगों से प्राप्त आर्थिक सहयोग की जानकारी प्रस्तुत की। श्रीमद् भागवत पुराण की आरती के पश्चात नगरवासियों की ओर से डॉ. रमाकांत सोनी ने व्यासपीठ पर विराजित पं. विजय शंकर मेहता के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस मौके पर कथा आयोजक परिवार की ओर से सज्जन अग्रवाल, श्रीमती किरण अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, प्रवीर अग्रवाल, निकेत अग्रवाल व परिवार सहित प्रमुख रूप से छ.ग. विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, उनके प्रतिनिधि गुलजार सिंह, बजरंग डिडवानिया, बजरंग अग्रवाल, पवन मोदी, धीरेन्द्र बाजपेई, किशन लाल सोनी, पंकज शुक्ला, भगवान दास गढ़ेवाल, मदन यादव, विनोद अग्रवाल, रूपेश अग्रवाल, उपकार सिंह ढिल्लो, शैलेश बाजोरिया, नंदकुमार देवांगन, मुकेश तिवारी, पन्ना लाल शर्मा, सुशील मोदी, आर.के. द्विवेदी, श्रीमती कल्याणी केशरवानी, मोहन गुलाबानी, अर्जुन मनवानी, बुटु देवांगन, सुरेश अग्रवाल, डॉ. संतोष अग्रवाल, गिरधारी लाल अग्रवाल, गुरमीत सिंह धंजल, प्रवीण अगवाल, मनोज मित्तल, सुरेश मनवानी, नारायण सोनी, मिट्ठूलाल सोनी के अलावा रायपुर, बिलासपुर, भिलाई, कोरबा, राऊरकेला आदि जगहों से आये श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में मौजूद थे।



श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करते डॉ. महंत, सज्जन अग्रवाल व अन्य एवं व्यास पीठ से कथा श्रवण सुनाते पं. विजय शंकर मेहता



नेत्रदान करने हेतु घोषणा पत्र भरकर दिखाते प्राचार्य एवं शिक्षक।

## बाल नेत्र सुरक्षा अभियान के तहत 475 विद्यार्थियों का किया गया नेत्र परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत राज्य में रजत जयंती महोत्सव के शुभ अवसर पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी अकलतरा व स्वामी आत्मानंद हिंदी मध्यम उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल पौड़ी दलहा के 475 छात्र-छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया। दूर दृष्टि से प्रभावित बच्चों को क्रमशः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पोंडी दल्हा जांच करने हेतु उनको बुलाया गया।

■ दूर दृष्टि से प्रभावित बच्चों को बुलाया गया सीएचसी व पीएचसी

नेत्रदान व बाल नेत्र सुरक्षा के बारे में बताया गया कि आजकल बच्चों को मोबाइल से अत्यधिक आंखों को प्रभावित कर रही है इसलिए बच्चों को मोबाइल से दूर रहना बहुत आवश्यक बताया गया। खेलों के दौरान चोट लगने से बचने के लिए खेल नेत्र सुरक्षा बारे में बताया गया। चश्मे के उपयोग और चोट से बचाव के उपायों पर जोर दिया जाता है यह बच्चों के लिए आंखों की नियमित जांच करने दृष्टि की समस्याओं का समय पर पता लगाने और उपचार करने के लिए नियमित नेत्र परीक्षण जरूरी बताया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के नेत्र सहायक अधिकारी आरके यादव , प्रीतेश सिंह चंदेल, डी आर भारते, सत्यजीत कुर्रे, श्रीमती बबीता पाटले, आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल अकलतरा की प्राचार्य गीता सिंह, प्रधान पाठक दीक्षा साहू, मनीष पाठक, काव्य कुमारी, श्रीजी कुर्रे, मानस मानसर, संध्या कुर्रे, आकृति नर्मदा, हिमानी विश्वकर्मा, प्रिंसी बंजारे, प्रशांत साहू, अक्षत निर्मलकर ,आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल पौड़ी दलहा के प्राचार्य ब्रिज माधव सिंह ,संगीता सिंह सरला श्रीवास्तव, सुजाता, वीणा साहू ,शीलू राठौर ,अरविंद दुबे,भूपेंद्र , विनय रात्रे, मनोज साहू, प्रियंका चंद्राकर उपस्थित थे।

**प्राचार्य एवं शिक्षक ने की नेत्रदान की घोषणा**:-बाल नेत्र सुरक्षा व नेत्रदान पखवाड़ा के इस कार्यक्रम से प्रेरित होते हुए आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल अकलतरा की प्राचार्य श्रीमती गीता सिंह एवं शिक्षक प्रशांत दुबे के द्वारा नेत्रदान करने हेतु घोषणा पत्र भरकर प्रदान किया गया।

## गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ...



**नैला-जांजगीर**। 10 दिवसीय गणपति उत्सव के अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी को शहर के प्रसिद्ध नहरिया बाबा मंदिर के पास स्थित नहर में विधि विधान से पूजा अर्चना कर गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

## अजा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष का जगह-जगह स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ सनम जांगड़े का प्रथम पामगढ़ विधानसभा आगमन पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने जगह जगह आतिश बाजी के साथ स्वागत किया।सर्वप्रथम विधानसभा के प्रवेश द्वार ससहा आगमन पर सुखराम मधुकर ने अपने सहयोगियों के साथ स्वागत किया।

■ डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्राप्त किया आशीर्वाद

मुड़पार(चु)में जनपद पंचायत कृषि स्थायी समिति के सभापति अश्वनी कुर्रे के नेतृत्व में आतिशबाजी कर स्वागत किया गया। जहां पर श्यामाचरण कुर्रे, डमरू मनहर,करन लहरे, पुनीत लहरे, सुखीराम कुर्रे,कलीराम खुंटे, लखेश्वर पटेल, छोटू राम पटेल,सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे। रसौटा पहुंचने पर मण्डल अध्यक्ष शिवेन्द्र प्रताप सिंह ने आपने कार्यकर्ताओ सनत साहू,उत्तम सोनी,बसंत यादव, चैन दास, सुखनंदन देवांगन, रितेश सिंह के साथ स्वागत किया। मेउभाटा में पूर्व मंडल अध्यक्ष व्यास वर्मा, सुधीर तिवारी, मानेश जांगडे, फिरत कुर्मी, रुपचंद साहू, चौथ राम बघेल, देवकुमार साहू,गौरव तिवारी, नीमा तिवारी, ममता साहू, राजकुमार नारंगे सरपंच कोसला द्वारा स्वागत किया गया। पामगढ़ पहुंचने पर मण्डल अध्यक्ष यशवंत साहू के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अम्बेडकर चौक में आतिशबाजी कर नारों के बीच स्वागत किया। ततपश्चात डॉ सनम जांगडे ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। स्थानीय विश्राम गृह में उपस्थित कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात किया । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अंबेश जांगडे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संतोषी मनोज रात्रे, नुरेश्वरी श्रीवास, विश्वनाथ यादव मंडल अध्यक्ष मुलमुला, गुरुदयाल पाटले, धनन्जय सिंह, दरश पटेल, सम्मेलाल साहू, ऋषभ नाथ योगी, दामोदर थवाईत, लक्ष्मी कांत गौरहा, मुकेश कश्यप, छोटू राठौर, सुखसागर ओगरे, तिहारू कश्यप, रोहिणी कश्यप, मनोहर शास्त्री, रामकृष्ण सोनी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे ।



डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद उपस्थित अजा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष एवं कार्यकर्ता।

## दर्द से राहत देने अहम भूमिका निभाती है फिजियोथेरेपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पूरी दुनिया 8 सितंबर को विश्व फिजियोथेरेपी दिवस मनाती है। इस दिन का उद्देश्य है लोगों को यह बताना कि फिजियोथेरेपी केवल दर्द से राहत देने तक सीमित नहीं, बल्कि यह जीवन की गुणवत्ता सुधारने और निरोगी भविष्य बनाने में अहम भूमिका निभाती है।

प्राइम एडवांस फिजियोथेरेपी एंड लेजर क्लिनिक जांजगीर के डायरेक्टर सीनियर कंसल्टेंट फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. प्रतीक यादव का कहना है कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में पीठ दर्द, गर्दन दर्द, घुटनों की समस्या, लकवा, खेल से जुड़ी चोटें, उम्र से संबंधित परेशानियां और पोस्ट-ऑपरेटिव रिहैबिलिटेशन जैसी चुनौतियां आम हो गई हैं। ऐसे में दवाइयों और ऑपरेशन पर निर्भर रहने के बजाय फिजियोथेरेपी सुरक्षित, वैज्ञानिक और दी घ ि का लि क समाधान प्रदान करती है। डॉ. प्रतीक यादव बताते हैं कि फि जि यो थे रे पी केवल उपचार ही नहीं बल्कि यह स्वस्थ और सक्रिय जीवन की ओर बढ़ने का एक मार्ग है, सही समय पर थेरेपी लेने से मरीज बड़ी परेशानियों से बच सकते हैं और अपनी जीवनशैली को बेहतर बना सकते हैं, फिजियोथेरेपी केवल दर्द मिटाने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह जीवन को फिर से जीने की कला है,चाहे रोगी को लकवा हो, जोड़ों का दर्द हो या रोजमर्रा की थकान – सही समय पर सही थेरेपी लेकर कोई भी व्यक्ति अपना आत्मविश्वास और कार्यक्षमता वापस पा सकता है। फिजियोथेरेपी की विशेषता है कि बिना दवा और बिना सर्जरी दर्द से राहत हेतु कार्य करता है। साथ ही सर्जरी पश्चात जरूरी पुनर्वास, स्ट्रोक, लकवे के मरीजों के लिए पुनर्वास, खेल चोट में तेजी से रिकवरी करता है, जोड़ों और मांसपेशियों में लचीलापन एवं मजबूती लाता है। उन्होंने सलाह दी कि हर 30-40 मिनट में बैठने से ब्रेक लें और हल्की स्ट्रेचिंग करें। सुबह 15-20 मिनट की वॉक और सरल एक्सरसाइज शरीर को सक्रिय रखती है। सही मुद्रा बनाएं, खासकर कंप्यूटर/मोबाइल इस्तेमाल करते समय, वजन पर नियंत्रण रखें – यह जोड़ों पर दबाव कम करता है। छोटी-मोटी चोट या दर्द को नज़रअंदाज़ न करें, समय पर फिजियोथेरेपिस्ट से परामर्श लें।



■ विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर विशेष

## सेजेस में पुस्तक वाचन एवं स्पीड रीडिंग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में शिक्षा और साक्षरता को प्रोत्साहित करने हेतु सेजेस (सेजेस) शिवरीनारायण में "पुस्तक वाचन एवं स्पीड रीडिंग कार्यक्रम" का आयोजन किया गया।

इस विशेष आयोजन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी पठन क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और युवाओं में पढ़ने की आदत विकसित करना, ज्ञान के प्रति रुचि जगाना और तेजी से पढ़ने की दक्षता (स्पीड रीडिंग) विकसित करना था। विद्यालय के पुस्तकालय में आयोजित इस सत्र में छात्रों ने अपने पसंदीदा विषयों की पुस्तकें चुनीं और समयबद्ध तरीके से पढ़ने का प्रयास किया। कुछ छात्रों ने आश्चर्यजनक गति से पठन कर यह सिद्ध किया कि नियमित अभ्यास में लगे रहने से पढ़ने की गति और समझने की क्षमता दोनों में सुधार लाया जा सकता है। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल छात्रों को पढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं, बल्कि उन्हें डिजिटल युग में ध्यान केंद्रित करने की कला भी सिखाते हैं। इस प्रकार के बौद्धिक और रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध हो रहा है। इससे छात्र न केवल ज्ञानार्जन की दिशा में अग्रसर हो रहे हैं, बल्कि आत्मविश्वास से भी परिपूर्ण हो रहे हैं। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिका सहित विद्यालय परिवार की उपस्थिति रहा।



पुस्तक वाचन करते बच्चे।

## सखियों को कृषि और पशुपालन के क्षेत्र की हो सम्पूर्ण जानकारी : दुबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहान के तहत ग्रामीण क्षेत्र के गावों में चयनित कृषि सखी और पशु सखी दीदियों को

■ 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम में दी जा रही विभिन्न प्रकार की जानकारी

क़ृषि और पशुपालन से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी होना चाहिए। ताकि जिले के ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक गावों में क़ृषि तथा पशुपालन के कारोबार से लोगों की अच्छा आमदनी मिल सके।उक्त बातें ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थाग में आयोजित 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल कृषि सखी और पशु सखी दीदियों को प्रशिक्षण देते हुए जिला पंचायत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के डीएमएम उपेंद्र कुमार दुबे ने ब्यक्त किया। उन्होंने कृषि सखी और पशु सखी को गांव में किस प्रकार से और किन किन विभाग के साथ मिलकर काम करना है। इस विषय पर बिहान क्रेडर्स को विस्तारपुर्वक जानकारी दिया। इसके साथ ही जिला पंचायत के अधिकारी रेशम लाल नामदेव ने बिहान से सम्बंधित योजनाओं तथा निर्धारित समय सीमा में नियमित रूप से कार्य करने की महत्वपूर्ण जानकारी दिया। संस्थान के निदेशक लक्ष्मीनारायण सिंकू के द्वारा बैंकिंग प्रणाली की सम्पूर्ण जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दी जा रहीं है। वहीं फेकेल्टी अरुण कुमार पाण्डेय द्वारा ग्रामीण उद्यमिता विकास के बारे में कई प्रकार की खेल के माध्यम से जानकारी दी जा रहीं है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव द्वारा क़ृषि के अलावा मुर्गी पालन, बकरी पालन, मछली सह बतख पालन, भेड़ पालन, मधुमक्खी पालन, टीकाकरण, जैविक खाद, कीट नाशक दवाई बनाने, बीज उपचार, भूमि उपचार, पैरा उपचार, मिट्टी परीक्षण, किचन गार्डन, पोषण वाटिका, दस्तावेजीकरण करना, प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाना व क़ृषि तथा पशुपालन के क्षेत्र में शासकीय योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी दी जा रहीं है। प्रशिक्षण में सक्ती जिले के जैजैपुर ब्लॉक की ठठारी गांव से पुष्पा चंद्रा, अंजू मैत्री पुटेकेला, राजकुमारी सिदार, संतोषी राज अकलसरा, मनीषा पटेल सोनगुढ़ा,रुखमणि कंवर, पूर्णिमा साहू कोटेतरा,तुलसी बाई कंवर कुधरीटार, कांति राठौर, सुकवारा राठौर लहंगा, शकुंतला साहू, किरण बाई महंत सुंदरेली आदि शामिल हैं।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल कृषि सखी और पशु सखी को जानकारी देते श्री दुबे।

